दिन– गुरूवार दिनांक– 28/11/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. विधान सभा में स्मार्ट प्री पेड मीटर को लेकर विपक्ष का जोरदार हंगामा। सदन की कार्यवाही लगातार बाधित रही।

02. केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन कल से बिहार के दो दिन के दौरे पर। कल दरभंगा में क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम में भाग लेंगी।

03. राज्य सरकार ने कहा – प्रदेश में डीएपी खाद की कोई किल्लत नहीं है। केंद्र सरकार ने आवश्यकता का सतहत्तर प्रतिशत उपलब्ध कराया।

04. और पछुआ हवा के चलते ठंड में बढ़ोतरी। सुबह के समय कई हिस्सों में घने कुहासा की स्थिति। रेल, सड़क और हवाई यातायात प्रभावित।

---

विधानसभा में आज की कार्यवाही विभिन्न मुद्दों को लेकर विपक्ष के हंगामे के बीच पूरी की गयी। हंगामे के कारण कई बार सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। विधानसभा में बिजली के स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर आज जमकर हंगामा हुआ। विपक्ष के सदस्य इस मुद्दे को लेकर सदन में कार्यस्थगन प्रस्ताव लेकर आए थे। प्रश्नकाल के बाद विधानसभा अध्यक्ष ने इसे अस्वीकृत कर दियाए जिसे लेकर विपक्षी दल राजद और महागठबंधन की अन्यपार्टियां के सदस्य सदन के बीचो.बीच आ गये। इसी दौरान राष्ट्रीय जनता दल के भाई विरेन्द्र और कुछ अन्य सदस्य सत्तापक्ष की कुर्सियों पर बैठ गए। इससे नाराज विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। हंगामे और शोर–गुल के बीच अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी। दोपहर बाद कार्यवाही के दौरान भी हंगामा जारी रहा। हंगामे के बीच ही सदन में बत्तीस हजार पांच सौ साठ करोड़ रुपये के द्वितीय अनुपूरक बजट को स्वीकृति दी गई। राष्ट्रीय जनता दल के सदस्य मुकेश कुमार यादव ने बताया कि पार्टी के सदस्यों ने इस बात के लिए भी विरोध जताया कि विधानसभा में दलीय स्तर पर आवंटित सीट के बावजूद कुछ सदस्य लगातार दूसरे सीट पर बैठ रहे हैं और उस पर विधानसभा अध्यक्ष द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। उन्होने कहा कि नियमानुसार वैसे सदस्यों की सदस्यता रद्द की जानी चाहिए थी। विधायक ने आरोप लगाया कि मौजूदा कार्यकाल में गलत परंपरा को बढ़ावा दिया जा रहा है जिसके चलते राष्ट्रीय जनता दल के विधायक ने विधान सभा में सांकेतिक विरोध दर्ज कराया है ।

——————————————————————————————

राज्य सरकार ने आज कहा है कि प्रदेश में डीएपी खाद की कोई कमी नहीं है। विधानसभा में एक प्रश्न के उत्तर में कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि किसानों को पन्द्रह नवंबर से पन्द्रह दिसंबर के बीच खाद की जरूरत होती है और राज्य में एक लाख उनचास हजार मीट्रिक टन खाद की जरूरत है। जिसमें से सतहत्तर प्रतिशत केन्द्र सरकार ने उपलब्ध करा दिया है।

——————————————————————————————

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन अपने दो दिवसीय दौरे पर कल बिहार आ रही हैं। केंद्रीय वित्त मंत्री कल कई कार्यक्रमों में भाग लेंगी। वित्त मंत्री दरभंगा के राज मैदान में आयोजित क्रेडिट आउटरीच प्रोग्राम के तहत ऋण वितरण समारोह में भाग लेंगी। इस दौरान वे करोड़ो रुपये की ऋण की वितरण करेंगी। दरभंगा की एलडीएम रेणु सिन्हा ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं।

———बाइट———

दरभंगा में आयोजित कार्यक्रम से पहले श्रीमती सीतारामन पटना में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक की एक महत्वपूर्ण बैठक में शामिल होंगी। केंद्रीय वित्त मंत्री के तीस नवम्बर को मधुबनी के झंझारपुर स्टेडियम में आयोजित ऋण वितरण शिविर में भाग लेने का भी कार्यक्रम है।

——————————————————————————————

लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा है कि दो हजार पच्चीस के विधानसभा चुनाव में एनडीए को राज्य में दो सौ पच्चीस से अधिक सीटों पर जीत मिलेगी। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री पासवान ने यह दावा किया।

———बाईट———

——————————————————————————————

राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने आज पटना के ज्ञान भवन में तीन दिवसीय बिहार राष्ट्रीय डाक टिकट प्रदर्शनी बिपेक्स का उद्‌घाटन किया। राज्यपाल ने उदघाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि डाक टिकट हमारी परम्पराए

संस्कृति और इतिहास से जुड़ने का एक अच्छा माध्यम है। उन्होंने कहा कि इसके द्वारा हम अपने अतीत में झाँककर देख सकते हैं। श्री आर्लेकर ने कहा कि विभिन्न महापुरूषों पर आधारित डाक टिकटों के माध्यम से हमें उनका स्मरण होता है और प्रेरणा भी मिलती है। डाक टिकट आज भी प्रासंगिक है। राज्यपाल ने इस अवसर पर कबूतर के माध्यम से पत्र भेजा, जिसका उत्तर उन्हें हरकारा ने लौटती डाक से दिया। बिपेक्स दो हजार चौबीस प्रदर्शनी में लगभग बीस हजार दुर्लभ डाक टिकटों का प्रदर्शन किया गया है। इसमें विश्व के प्रथम डाक टिकट का भी प्रदर्शन किया गया है। तांबे का यह टिकट बिहार के पटना से अजीमाबाद एकन्नी और दोअन्नी के नाम से सत्रह सौ चौहत्तर में जारी किया गया था। बिहार के मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल अनिल कुमार ने बताया कि प्रदर्शनी में देश के विभिन्न हिस्सों के एक सौ तिरेपन डाक टिकट संग्रहकर्ता और फिलाटेली के जानकार भाग ले रहे हैं। लोगों के लिए यह ज्ञान मनोरंजन और टिकटों की रंगारंग दुनिया से परिचित होने का अवसर होगा। बिहार पूर्वी क्षेत्र के पोस्ट मास्टर जनरल मनोज कुमार ने कहा कि पोस्टल टिकट के माध्यम से ज्ञान–विज्ञान की दुनिया में सैर करने का यह आयोजन अच्छा माध्यम है।

–––बाइट–––

कार्यक्रम में देश के विभिन्न हिस्सों से डाक टिकट संग्राहक भाग लेने आये हैं। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में प्रदीप जैन और पी.के. मल्लिक जैसे फिलाटेलिस्ट ने इस आयोजन की सराहना की।

–––वॉक्सपॉप–––

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

राज्य में वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। ठंड के दिनों में कोहरे के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए राज्यभर में रिफ्लेक्टिव टेप जांच अभियान चलाया जाएगा। परिवहन विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने सभी जिलों के परिवहन अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश जारी किया है। श्री अग्रवाल ने बताया कि अभियान के दौरान वाहनों में रिफ्लेक्टिव टेप लगाने और यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कोहरे और धुंध के कारण कम दृष्यता की स्थिति में वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप लगे होने से वाहनों को दूर से ही देखा जा सकता है, जिससे अचानक टक्कर की संभावना कम होती है।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

बेगूसराय के सिमरिया स्थित राजेन्द्र सेतु पर स्पैन संख्या– पांच पर ढलाई कार्य के कारण कल उनतीस नवम्बर रात दस बजे से तीस नवम्बर की सुबह छह बजे तक वाहनों के परिचालन पर रोक रहेगी। पूर्व मध्य रेलवे ने इस संबंध में सूचना जारी कर कहा है कि लोग इस अवधि के दौरान वैकल्पिक मार्ग का प्रयोग करें। इस दौरान एम्बुलेंस समेत अन्य आपातकालीन सेवाओं को छूट दी जाएगी।

———————————————————————

दरभंगा–समस्तीपुर रेलखंड के लहेरियासराय स्टेशन के पास आरओबी निर्माण कार्य के कारण मेगा ब्लॉक से आज कई गाड़ियों का परिचालन प्रभावित हुआ। हमारे मधुबनी संवाददाता ने बताया है कि जयनगर–समस्तीपुर और कई अन्य पैसेंजर रेलगाड़ियों का समापन दरभंगा स्टेशन पर ही कर दिया गया। वहीं, जयनगर से दानापुर तक चलने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस, जयनगर से लोकमान्य तिलक टर्मिनल, मुंबई तक चलने वाली पवन एक्सप्रेस समेत कई ट्रेने घंटों विलंब से चलीं।

———————————————————————

उत्तर पछुआ हवा के प्रवाह के कारण राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर भागों में ठंड में बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों में रोहतास जिले का डेहरी राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां का न्यूनतम तापमान नौ दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इधर, घने कोहरे के कारण राज्य के विभिन्न भागों में सड़क, रेल और हवाई यातायात पर असर पड़ा है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले दो दिनों के दौरान ठंड में और बढ़ोतरी हो सकती है। इस दौरान सारण, मुजफ्फरपुर, वैशाली, दरभंगा, समस्तीपुर समेत राज्य के उत्तरी भागों में अनेक स्थानों पर घने स्तर का कोहरा छाया रहेगा।

———बाईट———

———————————————————————

जमुई जिले के सोनो थाना क्षेत्र अंतर्गत डुमरी चेक पोस्ट के पास वाहन जांच के दौरान उत्पाद विभाग की टीम ने एक ट्रक से चार सौ किलो गांजा बरामद किया है। उत्पाद अधीक्षक सुभाष कुमार ने बताया कि झारखंड से सटे सीमा क्षेत्र में नशामुक्ति के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत टीम को यह सफलता मिली है। उन्होंने बताया

कि इस मामले में ट्रक के चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है और ट्रक मालिक तथा तस्कर गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में जानकारी एकत्र की जा रही है।

———————————————————————————

मुंगेर जिले के साथ—साथ कोसी सीमांचल के विभिन्न भागों में लोगों के साथ धोखाधड़ी का आरोपी जितेन्द्र कुमार राजीव ने सीजेएम कोर्ट में सरेंडर कर दिया। पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद ने बताया कि जॉलीवुड म्यूजिक इंडस्ट्रीज प्राईवेट लिमिटेड कंपनी के इस कथित सीएमडी के खिलाफ जमालपुर थाना समेत कई थानों में मामला दर्ज है। उन्होंने बताया कि ठगी के इस आरोपी की रिमांड मांगी जाएगी और उससे पूछताछ की जाएगी।

———बाईट———

———————————————————————————

खगड़िया के पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार कुशवाहा ने चौथम थाना में पदस्थापित दारोगा रामाशीष कुमार सिंह को रूपये की लेन—देन के आरोप में निलंबित कर दिया है। इससे जुड़ा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।

———————————————————————————

मधुबनी जिले में भारत—नेपाल सीमा के पास दोनवारी गांव में एसएसबी जवानों ने एक व्यक्ति को भारी मात्रा में नेपाली, देशी और अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया।

———————————————————————————

अररिया जिले में पुलिस अधीक्षक अमित रंजन के निर्देश पर चलाए जा रहे वाहन जांच के दौरान विभिन्न मामलों में वांछित दस फरार अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया।

———————————————————————————

रेलवे सुरक्षा बल ने कटिहार रेलवे स्टेशन पर रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान पांच बाल श्रमिकों को मुक्त कराया। इन्हें चाईल्ड हेल्पलाइन को सौंप दिया गया।

———————————————————————————

अरवल जिले में मैला ढोने की प्रथा समाप्त करने के लिए सर्वे किया जा रहा है। जिलाधिकारी के निर्देश पर इस काम में लगे लोगों की पहचान कर उनके पुर्नवास की व्यवस्था की जाएगी।

———————————————————————————

भारतीय मित्र पार्टी दो हजार पच्चीस के विधानसभा चुनाव में मधुबनी जिले के सभी दस सीटों पर उम्मीदवार उतारेगी। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष धनेश्वर महतो ने यह घोषणा की है।

———————————————————————————

बक्सर जिले में राजद के जिलाध्यक्ष शेषनाग सिंह के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने नगर भवन के सामने आरक्षण की सीमा पैंसठ प्रतिशत किये जाने की मांग को लेकर धरना दिया।

———————————————————————————

शेखपुरा जिले में श्रम संसाधन विभाग ने जिला नियोजनालय के सहयोग से एक दिवसीय रोजगार सह–मार्गदर्शन मेला का आयोजन किया। मेले में विभिन्न कंपनियों ने बारह युवाओं का चयन किया।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. विधान सभा में स्मार्ट प्री पेड मीटर को लेकर विपक्ष का जोरदार हंगामा। सदन की कार्यवाही लगातार बाधित रही।

02. केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन कल से बिहार के दो दिन के दौरे पर। कल दरभंगा में क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम में भाग लेंगी।

03. राज्य सरकार ने कहा – प्रदेश में डीएपी खाद की कोई किल्लत नहीं है। केंद्र सरकार ने आवश्यकता का सतहत्तर प्रतिशत उपलब्ध कराया।

04. और पछुआ हवा के चलते ठंड में बढ़ोतरी। सुबह के समय कई हिस्सों में घने कुहासा की स्थिति। रेल, सड़क और हवाई यातायात प्रभावित।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।